मेरा श्याम ही आता है | By Sunil Snehi

जब दुःख के दिनों में कोई नहीं काम आता है
तब श्याम ही आता है मेरा श्याम ही आता है

मतलब की दुनिया में पग पग पर धोखा है
एक श्याम ही है जिस पर मुझे दिल से भरोसा है
जब दिल के घाव को कोई देख ना पाता है
तब श्याम ही आता है मेरा श्याम ही आता है

जब जब ठोकर खाऊं दुनिया वाले हँसते
अपनों से सहारा क्या उल्टा ताने कसते
जब हर कोई मुंह मोड़े और जी को जलाता है
तब श्याम ही आता है मेरा श्याम ही आता है

परिवार मेरा सारा अब इसके हवाले है
किस्मत वाला हूँ मैं मुझे श्याम संभाले है
जब जब तूफ़ान कोई मेरे सामने आता है
तब श्याम ही आता है मेरा श्याम ही आता है

मैंने श्याम से कर डाला सौदा ज़िंदगानी का
अब तो आधार है बस वही मेरी कहानी का
स्नेही कहता जग में यही साथ निभाता है
तब श्याम ही आता है मेरा श्याम ही आता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sunil-snehi/